सिराज शिरवा

वार्षिक पत्रिका

2021-22



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, बंजार, कुल्लू (हि.प्र.)

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद् द्वारा 'बी' मूल्यांकित संस्थान

Editorial Board

Mrs. Neeraj Kapoor
Principal

Dr. Joginder Singh Thakur
Editor-in-Chief

Dr. Ashok Sharma
Staff Editor- HIndi

Beena Kumari
Stdent Editor- HIndi

Prof. Dave Ram
Staff Editor- Comm.

Twinkle
Student Editor- Comm.

Sh. Ishaan Marvel
Staff Editor- English

Babita
Student Editor- English

Sh. Naresh Kumar
Staff Editor- Sanskrit

Sunita Devi
Student Editor- Sansskrit

Dr. Nirmala Chauhan
Staff Editor- Science

Pallavi Thakur
Student Editor- Science

Sh. rajnesh Thakur
Staff Editor- Pahari

Davinder Verma
Student Editor- Pahari

Cover Photo by : Sh. Suresh Kumar (Gaushala Holi, a Local Festival)

Dr. Amarjeet K. Sharma
Director (Higher Education)

Directorate of Higher Education
Himachal Pradesh
Shimla - 171001
Tel. : 0177-2656621 Fax : 0177-2811347
E-mail : dhe-sml-hp@gov.in

MESSAGE

It is a matter of immense delight for me to know that your college is going to publish the college magazine .

College magazine is a very useful medium for young minds to express their bristling ideas and thoughts. It gives a chance to students, the budding writers, to get the attention of others through their creative and contemporary writings. It is an essential ingredient of college regular activities and documentation of such events. The true purpose of higher education is to open the horizons for the curious young minds and to refine and polish them in such a way that they become responsible citizens of our country.

I wish your college a great future and grand success to the college magazine. I also congratulate the Editor(s) of the magazine and wish everyone all the best in their ventures.

Jai Hind.

(Dr. Amarjeet K. Sharma)

From the Principal's desk

"Having eyes, but not seeing beauty; having ears, but not hearing music; having minds, but not perceiving truth; having hearts that are never moved and therefore never set on fire. These are the things to fear…"

My dear students, education in the real sense lies in eliminating these fears, so eloquently described by the Japanese author, Tetsuko Kuroyanagi in her book *Totto-chan: The Little Girl at the Window*. The quote reminds us what really matters, not only in terms of education, but also in life itself. I hope it serves as an inspiration to you all, and ignites a sparks within you to strive to develop the qualities of head and heart.

What better way is there to kindle this spark than our lovely college magazine, *Sirajshikha*! There can't be a better platform for the young creative minds than the college magazine, that provides you the opportunity for self-expression - the expression of your insights, keen observations and perceptions regarding the important issues you strongly feel about. You can also write about natural landscape, unique customs and traditions of your region thereby providing a glimps into the rich cultural heritage of the region to a wider public. A college magazine is also a reflection of the identity of the institution as it mirrors the life in the campus and highlights achievements of students in academic and co-curricular activities during the session. I take this opportunity to congratulate the students for excelling in various fields besides academics as well as the staff members for their constant guidance and mentoring of the students.

Dear students, the real education lies not in the acquisition of knowledge, but in the development of our competencies so that we are prepared to face life and do good not only for our own well-being but for the welfare of society and the nation at large. It is only by using our knowledge and skills in creative ways that we can have valued outcomes in new contexts and contribute our bit for humanity. So, I would like you to be creative and not to be scared of committing mistakes and grab the opportunity to hone your creative writing skills and other skill sets and to express yourself freely. I am sure these skill sets will stand you in good stead in your future life. Moreover, participate in different activities organized in college for multifaceted development of your personalities and do find a mention in the college magazine. Finally, I would like to take the opportunity to congratulate all the contributors as well as the editorial board for their painstaking efforts in bringing out this latest edition of *Sirajshikha.*

Neeraj Kapoor

मुख्य सम्पादक की कलम से...



किसी भी देश के अस्तित्व की पहचान उस राष्ट्र की अस्मिता, उस देश के आम जनमानस की सभ्यता और संस्कृति से बनती है, जिसके प्रमुख घटकों में साहित्य परम्परा का प्रमुख स्थान है। 'सिराज शिखा' महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए भाव–अभिव्यक्ति की गौरवशाली पत्रिका है, जिसमें सभी छात्र–छात्राओं को एक वैचारिक मंच के साथ नई पहचान मिलती है। आज भूमण्डलीकरण के दौर में जहां सब–कुछ डिजिटल हो रहा है, वहीं शिक्षा का क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। कोविड–19 जैसी महामारी ने पूरी दुनिया में मानव जीवन के सभी क्षेत्रों को प्रभावित किया है, जिसने विश्व व्यवस्था को सोच में परिवर्तन लाने को मजबूर कर दिया है।

मनोविज्ञान की दृष्टि से चिन्तन करना मनुष्य की पहचान है, चिन्तन करने के पश्चात् जो विचार हमारे मन में उठता है, उसे हमारी भावना से बल मिलता है। सकारात्मक विचारों की तरंग मनुष्य को सफलता और आनंद प्रदान करती है, जबकि नकारात्मक विचारों की तरंगे आत्म–विश्वास में कमी, विषाद, तनाव, ईर्ष्या व वैर की भावना ज्वाला भड़का सकती है। आज वैज्ञानिक एवं तकनीकी युग में सभी विद्यार्थियों को जीवन में संघर्ष करना अपरिहार्य हो गया है। स्वयं के प्रति दृढ़ संकल्प एवं अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा का उपयोग करते हुए स्वयं के भीतर अदम्य उत्साह एवं क्षमता के प्रति विश्वास रखने वाले विद्यार्थी ही असम्भव कार्य को सम्भव कर सकते हैं। यदि जेम्स वाट केतली में उबलते हुए पानी से बनने वाली भाप की शक्ति को पहचानने की कोशिश नहीं करते तो न रेल का इंजन बनता, न रेल बनती। इसलिए हम आज जो कुछ बनना या बनाना चाहते हैं, तो अनवरत कोशिश करते रहना चाहिए।

अन्त में मैं ''सिराज शिखा'' पत्रिका में छात्र–छात्राओं की स्वरचित रचनाओं के साथ, जिनके सतत प्रयासों से संस्थान अपनी गरिमा बनाए रखने में निरन्तर अग्रसर है, उन्हें बधाई देता हूं।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीरज कपूर, सभी अनुभागों के सहयोगी प्राध्यापकों एवं छात्र–सम्पादकों के अथक प्रयासों से यह अंक आप के सम्मुख है। मैं उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं।

डॉ. जोगिन्द्र सिंह ठाकुर
मुख्य–सम्पादक

Statement about ownership and other particulars of 'Siraj Shikha'
Required under rule-8 of press and registration of books act.
Form -(IV)
(see Rule-8)

Place of publication	:	Banjar
Periodicity of its publication	:	Annual
Owner's Name	:	Mrs. Neeraj Kapoor
Address	:	Principal Govt. College, Banjar Distt. Kullu (H.P.)
Name of Printing press.	:	Himtaru Prakashan Samiti, Kullu, H.P.
Nationality	:	Indian
Address	:	Near Main Post-Office, Dhalpur, Kullu.
Chief Editor's Name	:	Dr. Joginder Singh Thakur
Nationality.	:	Indian
Address	:	Govt. College, Banjar Distt Kullu, H.P.

I, Neeraj Kapoor hereby declare that particulars given above are true and correct to best of my knowledge and belief.

Sd/-

Neeraj Kapoor
Principal Govt.College Banjar,
Distt. kullu, Himachal Pradesh.

The views expressed by the writers are their own and the Editorial board does not necessarily agree to them. **Editor-in-Chief**

Cover Page : Gaushala Holi, a Local Festival
by : Sh. Suresh Kumar A.P.

क्रमांक

क्र.सं.	अनुभाग	पृष्ठ संख्या
01.	हिंदी अनुभाग	10
02.	अंग्रेज़ी अनुभाग	18
03.	विज्ञान अनुभाग	25
04.	वाणिज्य अनुभाग	32
05.	संस्कृत अनुभाग	36
06.	पहाड़ी अनुभाग	44

वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र : 2021–22

राजकीय महाविद्यालय बंजार में वर्ष 2021–22 में विद्यार्थियों की संख्या 996 है जिनमें से 402 छात्र तथा 594 छात्राएं हैं। शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए 21 प्राध्यापक तथा 09 गैर शिक्षक कर्मचारी कार्यरत हैं। 20–22 अक्तूबर 2016 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद् (NAAC) द्वारा संस्थान को बी' ग्रेड प्रदान किया गया है। इस शिक्षा केन्द्र में कला संकाय भवन, जिसमें विभिन्न प्रयोगशालाएँ, एक सेमिनार हॉल, परीक्षा हॉल, आई॰ टी॰ प्रयोगशाला और पुस्तकालय स्थापित किया गया है। उच्च शिक्षा की गुणवता को बनाए रखने के लिए आन्तरिक गुणवता आश्वासन सेल (IQAC) का गठन भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों के तहत किया गया है।शिक्षा के साथ–साथ खेल–कूद, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) थल स्कन्ध, रोवर्स–रैंज़र, विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्त्व दिया जा रहा है।

वार्षिक परीक्षा परिणाम

यह हम सब के लिए गर्व का विषय हैं कि विद्यार्थी अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर इस वर्ष भी बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहे हैं। इस वर्ष विज्ञान तृतीय वर्ष में 94 प्रतिशत तथा अन्य सभी कक्षाओं में परिणाम शत् प्रतिशत रहा है।

छात्रवृतियाँ

सत्र 2020–21 में अलग–अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृतियाँ प्रदान की गई जिसका कुल योग 3,60,240 रु0 है।

महाविद्यालय पत्रिका

तेज़ी से यांत्रिक होते जा रहे इस दौर में मनुष्य में, समाज के उन वर्गों के प्रति चेतना लाने हेतु, जो हाशिए पर हैं, के प्रति संवेदना व सहानुभूति जागृत करने की दृष्टि से पढ़ने–लिखने का माहौल तैयार करने के उद्देश्य से संस्थान की पत्रिका **'सिराज शिखा'** प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर विचार एवं भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है।

भूतपूर्व छात्र संघ

2018–19 में प्राचार्या महोदय की अध्यक्षता में भूतपूर्व छात्र संघ का गठन सर्वसम्मति से 14 जुलाई 2018 को किया गया था। इस संघ के वर्तमान सचिव प्रो0 टीकम राम है।

अध्यापक–अभिभावक संघ

संस्थान के विभिन्न विकासात्मक कार्यों, छात्रों, अभिभावकों और महाविद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के नियमानुसार अध्यापक–अभिभावक संघ का गठन किया गया। इस वर्ष संस्थान की प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में सत्र 22 जुलाई 2021–22 के लिए अध्यापक अभिभावक संघ के लिए निम्न पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसमें प्रधान श्री जय सिंह ठाकुर, उप प्रधान श्री कुन्दन लाल, सचिव डॉ0 जोगिन्द्र ठाकुर, सह सचिव श्रीमति राजेश्वरी, मुख्य सलाहकार श्री चेतराम ठाकुर तथा कोषाध्यक्ष डॉ0 डाबे राम चुने गए। इसके अतिरिक्त श्री श्रवण शर्मा, श्रीमती रेखा शर्मा, श्री चुन्नी लाल, श्रीमती रोशनी देवी, डॉ0 रेणुका थपलियाल, प्रो0 नरेश कमल, डॉ0 अशोक कुमार, प्रो0 मोनिका को कार्यकारिणी सदस्यों के रुप में मनोनीत किया गया।

विशेष उपलब्धियां

2021 में जिन विद्याथिर्यों ने इस महाविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है, उन मे से 5 विद्यार्थियों ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय हि0 प्र0, 3 विद्यार्थियों ने हि0प्र0 विश्वविद्यालय शिमला तथा एक विद्यार्थी का चयन क्षेत्रीय केन्द्र धर्मशाला में हुआ हैं। महाविद्यालय के 12 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को सरकार द्वारा लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया है।

सत्र 2021–22 के दौरान उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत जीविकोपार्जन परामर्श प्रकोष्ठ के लिए मिलि राशि के अन्तर्गत 25 दिसम्बर 2021 से 1 फरवरी 2022 तक महाविद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने पांवटा साहिब में आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है और निकट भविष्य में उन्हे रोज़गार मिलने की संभावना है। महोदय जी राजकीय महाविद्यालय एक अग्रणी संस्था है, जिसने विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए एक माह की रोज़गार हेतु प्रशिक्षण (On Job Training) के लिए अवसर प्रदान किया है।

हि0 प्र0 में बंजार महाविद्यालय को ISRO केन्द्र देहरादून द्वारा Online Outreach Program के लिए क्षेत्रीय केन्द्र बनाया है तथा भूगोल विभाग की एसोसिएट प्रो0 डॉ0 रेणुका थपलियाल को समन्वयक मनोनीत किया है। इस सत्र में इस केन्द्र के द्वारा चार ऑनलाईन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

– राज्य कर और उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय कुल्लू में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए ज़िला स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें कुमारी दीपा और टिंवकल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इनका चयन मण्डी के लिए ज़ोनल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। उसमें दीपा और टिंवकल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

– स्वयं सेवी कुमारी श्यामा देवी का राष्ट्रीय स्तर पर आर.डी. कैम्प जयपुर में चयन हुआ।

–'कारगिल विजय दिवस' 2 HP Bn. मण्डी में ज्योतिरादित्य कैडेट ने पोस्टर मेकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा भूपेन्द्र ठाकुर ने 25 मी. एयर राईफल फायरिंग में द्वितीय स्थान तथा समूह नृत्य में कैडेट्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राध्यापकों की शैक्षणिक तथा अन्य उपलब्धियाँ

– श्रीमति नीरज कपूर (अंग्रेज़ी विभाग), श्री नरेश कमल (भूगोल विभाग), डॉ0 दुनी चन्द राणा राजनीति शास्त्र विभाग, श्रीमति मोनिका, श्रीमति रिचा आहलुवालिया ने अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किए।

– डॉ0 रेणुका थपलियाल ने जवाहर लाला नेहरु विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित "Research Methods, Tools and Plagrism Detection Software" पर पांच दिवसीय Virtual Workshop में भाग लिया। इसके अतिरिक्त इनके कुशल नेतृत्व में जीविकोपार्जन योजना के अन्तर्गत चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी तथा NIGMT फाउन्डेशन दिल्ली के संयुक्ततावधान में ऑनलाईन वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों कुछ पूर्व छात्रों तथा प्राध्यापकों ने भाग लिया जिन्हे प्रमाण पत्र भी दिए गए।

– डॉ0 रेणुका थपलियाल, श्री नरेश कमल, डॉ0 योगराज तथा श्री विकास नेगी ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय कार्यशालाओं में भाग लिया।

– श्रीमती नीरज कपूर, श्री नरेश कमल, डॉ0 योगराज, डॉ0 निर्मल चौहान, श्री सुरेश कुमार, डॉ0 दुनी चन्द राणा, श्री रजनीश कुमार तथा श्री अतुल चौधरी ने पुनश्चर्या कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किए।

– डॉ0 डाबे राम, श्रीमति ज्योति बाला, श्री नरेश कुमार, श्री विकास नेगी तथा श्रीमति मोनिका ने ओरिएन्टेशन प्रोग्राम सफलतापूर्वक पूर्ण किए।

– डॉ0 रेणुका थपलियाल के कुशल नेतृत्व में जीविकोपार्जन योजना के अन्तर्गत चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी तथा NIGMT फाउन्डेशन दिल्ली के संयुक्तताधान में ऑनलाईन वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों कुछ पूर्व छात्रों तथा प्राध्यापकों ने भाग लिया जिन्हे प्रमाण पत्र भी दिए गए।

– डॉ0 अशोक कुमार हिन्दी विभाग ने विशेषज्ञ समीक्षित पत्रिका में तीन शोध पत्र तथा सम्पादित पुस्तक में दो लेख प्रकाशित हुए। इसके अतिरिक्त 18 दिसम्बर 2021 को विक्रम शिला हिन्दी विद्यापीठ भागलपुर (बिहार) द्वारा डि. लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित हुए।

– डॉ0 दुनी चन्द राणा राजनीति विभाग ने राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली द्वारा आयेजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर सह–सत्राध्यक्ष भाग लिया।

– प्रो0 ज्योति बाला शारीरिक शिक्षा विभाग ने "Athletics Fedration of India" द्वारा आयोजित ज़िला तकनीकि अधिकारी की परीक्षा उतीर्ण की। इन्होने हि0 प्र0 विश्वविद्यालय से अन्तर्विश्वविद्यालय हॉकी चैमपियनशिप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित हॉकी कोच के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तथा दो संस्थानों में स्त्रोत वक्ता के रुप में अपनी उपस्थिति दी।

– श्रीमति मोनिका ने पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित 21 दिवसीय योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया तथा एक संस्थान में स्त्रोत वक्ता के रुप में अपनी उपस्थिति दर्ज़ की।

विकासात्मक कार्य

आधुनिक युग सूचना एवं प्रौद्योगिकी का युग है तथा कोरोना महामारी के चलते इसकी प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है, जिसके परिणामस्वरुप शिक्षा का स्वरुप भी बदल रहा है। इसलिए उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना तथा रुसा–II अनुदान के तहत महाविद्यालय मे सूचना एवं प्रोधौगिकी (Information and Technology) सेक्टर के विस्तारीकरण पर अधिक बल दिया गया है। महाविद्यालय की नई वेबसाईट विकसित की गई है जिसमें विद्यार्थियों तथा अन्य हितधारकों को जानकारी प्रदान करने के लिए दैनिक गतिविधियों से सम्बन्धित सूचना अभिभारण (Upload) किया जाता है।

इस वर्ष विद्यार्थियों के प्रवेश से लेकर कार्यालय का कार्य ऑनलाईन प्रबन्धन प्रणाली (Online Management System) के द्वारा जोड़ा जा चुका है जिससे सभी विद्यार्थी इस सुविधा से लाभान्वित हो रहे है तथा वितीय रिपोर्ट भी स्वचलित रुप से उत्पन्न होती है।

पुस्तकालय में पुस्तकों की डिजिटल केटेलॉगिंग कर बार कोडिंग की जा रही है और इसे ऑनलाईन जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। INFLIBNET N-स्पेज सदस्यता से जोड़ने का कार्य भी प्रगति पर है तथा पुस्तकालय में प्राध्यापकों को शोध कार्य हेतु शोध केन्द्र स्थापित किया गया है। विद्यार्थियों की संचार कौशल विकसित करने हेतु भाषा प्रयोग शाला (Language Lab) स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है।

महाविद्यालय भवन के भीतरी भाग में रंग रोगन का कार्य सम्पूर्ण हो चुका है खेल अवसंरचना (Sports Infrastructure) को तैयार किया जा रहा है।

उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना एवं रुसा–II के अन्तर्गत वर्षाजल संरक्षण (Rain Water Harvesting) हेतु, Biodegradable Waste Pit तथा पानी की निकासी, कैन्टीन उन्नयन (Canteen Upgradation) और कॉलेज की तरफ सड़क पक्का करने के कार्य हेतु राशि लोक निमार्ण विभाग को दी जा चुकी है। महाविद्यालय परिसर में वाहनों की पार्किंग के लिए हिमुडा (Himachal Pradesh housing & Urban Development Authority) को पैसा दिया जा चुका है ताकि पार्किंग स्थल बनने पर सभी विद्यार्थी, अध्यापक एवं आगन्तुक इस सुविधा से लाभान्वित हो सके।

आज़ादी का अमृत महोत्सव एवं हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व की स्वर्णिम जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें एन.एस.एस., एन.सी.सी., रोवर्स एंड रेंजर्स के स्वयं सेवियों तथा अन्य विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश की गौरव गाथा, बेटी है अनमोल, हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर तथा नशा मुक्ति से संबधित निबंध लेखन, नारा लेखन, भाषण, काव्य पाठ, पोस्टर मेकिंग आदि तथा स्वतन्त्रता संग्राम के गौरवमय इतिहास से संबधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस प्रकार से है:–

– 23 जुलाई 2021 को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 नीरजा कपूर की अध्यक्षता में "Online Admission Software Training Through Real Time" विषय पर ऑनलाईन वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ की।

– 14 अगस्त 2021 को इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं हिन्दी विभाग द्वारा ऑनलाईन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के 72 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

– 15 अगस्त 2021 को बंजार तहसील द्वारा आयोजित स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य पर एन. एस.एस., एन.सी.सी. तथा रोवर्स रेंजर द्वारा परेड, समूह गान तथा लोकनृत्य में बेहतर प्रदर्शन किया गया।

– 20 अगस्त 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग एवं 2HP बटालियन मण्डी द्वारा आयेजित फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत 11 NCC कैडेटस ने 5 कि.मी. दौड़ में भाग लिया।

– 5 सितम्बर 2021 को प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में ऑनलाईन अध्यापक दिवस का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने विचार रखें और कविताएं प्रस्तुत की।

– 30 सितम्बर 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय परिसर में "Maintaining Physical Efficiency and Mental Balance Through Yoga in COVID Times" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ऋषि योग आध्यात्मिक संस्थान सैंज से आए योगाचार्य भुबनेश कुमार स्त्रोत वक्ता रहे। इस वर्कशॉप में महाविद्यालय के 150 विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने भी भाग लिया।

– दिनांक 26 अक्टूबर 2021 को ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' पर डॉ0 रेणुका थपलियाल के कुशल नेतृत्व में "India Space Programme Journey since Indipendence" विषय पर ऑनलाईन व्याख्यान का आयेजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा इन्हे प्रमाण पत्र भी दिया गया।

– 10 नवम्बर 2021 को साईबर अपराध से बचाव हेतु साइबर जागरुकता दिवस मनाया गया जिसमे राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में कार्यरत कम्पयूटर सांईस के प्रो0 निशचल शर्मा ने विद्यार्थियों को साईबर अपराध के बचाव से सम्बन्धित जानकारी दी।

– 26 नवम्बर 2021 को राजनीति विभाग और

लोक प्रशासन विभाग द्वारा संयुक्त रुप से प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में ''संविधान दिवस'' मनाया गया। जिसमें प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयेजन किया गया। ''संविधान दिवस'' में डॉ0 दुनी चन्द राणा राजनीति विभाग ने '' संविधान के महत्व और मूल्य'' पर अपने विचार रखे।

– 7 दिसम्बर 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा महाविद्यालय में 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 50 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

– 18 दिसम्बर 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रो0 ज्योति बाला के कुशल नेतृत्व में 'खेल मेला' का आयोजन किया गया जिसमें परिसर में विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए तथा विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

– 20 दिसम्बर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को थाची कॉलेज में कार्यरत राजनीति विज्ञान के प्रो0 दीप कुमार ने भारतीय संविधान की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे।

– 25 जनवरी 2022 से 15 मार्च 2022 तक भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित "National Voter Awareness Contest-My vote is my future-Powr of one Vote" के अन्तर्गत प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा वीडियो प्रतियोगिता, नारा लेखन पोस्टर डिज़ाईन में एक–एक विद्यार्थी ने भाग लिया।

– 8 मार्च 2022 को महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ0 रेणुका थपलियाल के कुशल नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के डॉ0 सत्यव्रत वैद्य और डॉ0 रीमा घई ने अवसाद, विषाद्, चिन्ता, तनाव एवं अन्य स्वास्थ्य से सम्बन्धित विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रो0 ईशान मार्वल और अन्य प्राध्यापकों ने तथा महाविद्यालय की छात्रा उषा ठाकुर, युगेश्वरी एवं गायत्री ने भी अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों की Blood Grouping, Hemoglobin Level की जांच तथा आंखों से सम्बन्धित स्वास्थ्य परिक्षण भी किया गया।

– 10 मार्च 2022 को श्री विकास कुमार के कुशल नेतृत्व में ''सड़क सुरक्षा'' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री राम लाल ठाकुर SHO बंजार द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी विषयों की जानकारी दी गई तथा नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। 14 मार्च 2022 को सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो0 विकास कुमार के कुशल नेतृत्व में बंजार महाविद्यालय में लोगों को जागरुक कराने के उददेश्य से जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें एन.सी.सी., एन. एस.एस. तथा रोवर्स और रेंजर्स के साथ अन्य विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। यह रैली महाविद्यालय से आरम्भ होकर शेगलू बाज़ार से होते हुए न्यू बस स्टैण्ड तथा वापिस महाविद्यालय के लिए निकाली गई। इस रैली में एन.सी.सी., एन.एस. एस. तथा रोवर्स और रेंजर्स के संयोजक भी उपस्थित रहे।

– 16 और 21 मार्च 2022 को समन्वयक डॉ0 जोगिन्द्र सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में 'ईक्को ऊर्ज़ा क्लब' और विज्ञान संकाय ने संयुक्त रुप से प्राचार्या प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में ''विज्ञान दिवस'' का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा पॉवर प्वॉईंट के माध्यम से छात्रों को उर्जा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए सभी विद्याार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर नारा, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

हिन्दी पखवाड़ा

1 से 14 सितम्बर 2021 तक हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी पखवाड़े का आयेजन किया गया हिन्दी पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे निबन्ध लेखन, काव्य पाठ, वाचन, सुलेख एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

साहित्य परिषद्

21 अक्टूबर 2021 को प्रो0 नीरज कपूर की अध्यक्षता में 'साहित्य परिषद्' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, कविता, पाठ, निबन्ध लेखन, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोतरी जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

पुस्तकालय

एक अच्छी पुस्तक सर्वोतम मित्र होती है। पुस्तकालय हमें सिखाता है कि पढ़ना इसलिए आवश्यक नहीं है कि हमें किसी का विरोध करना हैं, या किसी को गलत सिद्ध करना है, बल्कि प्रत्येक बात को तोलने एवं उस पर विचार करने के लिए अध्ययन आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय के पुस्तकालय में छात्र एवं छात्राएं 6858 पुस्तकों, 4 प्रत्रिकाओं तथा 5 समाचार पत्रों का लाभ उठा रहे हैं। पुस्तकालय में पुस्तकों की डिजिटल केटेलॉगिंग कर बार कोडिंग की जा रही है और इसे ऑनलाईन जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। पुस्तकालय के अंकीकरण तथा INFLIBNET N-स्पेज सदस्यता से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है तथा पुस्तकालय में प्राध्यापकों को शोध कार्य हेतु शोध केन्द्र स्थापित किया गया है। महाविद्यलय पुस्तकालय में इस सत्र में 3,11,458 रु0 की 958 पुस्तकों की खरीददारी की गई है। डॉ0 अशोक कुमार सहायक प्रवक्ता हिन्दी पुस्तकालय का कार्यभार संभाल रहे हैं। महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी पुस्तकालय का लाभ उठाते है। इस वर्ष पुरुष वर्ग में योगेन्द्र सिंह बी.ए. तृतीय वर्ष तथा महिला वर्ग में मेघा शर्मा बी.ए. प्रथम वर्ष श्रेष्ठ पाठक घोषित किए गए है।

सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला

महाविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। प्रो0 रजनीश कुमार के कुशल नेतृत्व में इस समय 20 कम्प्यूटर एक डिजीटल पोडियम तथा प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है। अध्यापन कार्य रूचिपूर्ण बनाने एवं नई तकनीक से जोड़ने हेतु शैक्षणिक सत्र 2021–22 में तीनों संकाय की कक्षाएं समय–समय पर इस प्रयोगशाला में लगायी जाती हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम एवं ऑनलाइन परीक्षा एवं छात्रवृति फॉर्म भरने की सुविधा प्रयोगशाला में उपलब्ध करवाई गई है।

रैड रिबन क्लब

इस क्लब के समन्वयक डॉ0 डाबे राम है। नोडल अधिकारी प्रो0 ऋृचा आहलुवालिया के नेतृत्व में चार विद्यार्थियों ने 10 नवम्बर 2021 को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में प्रशिक्षण कार्य में भाग लिया। इसके अतिरिक्त 1 दिसम्बर 2021 को ''रेड रिबन क्लब'' द्वारा कुल्लू अस्पताल में स्वास्थ्य अधिकारी के सहयोग से ''एड्स जागरुकता दिवस'' मनाया गया। इस दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. तथा रोवर्स एंड रेंजर्स ने संयुक्त रुप से नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रोवर्स एंड रेंजर्स

एक रोमांचकारी गतिविधि जो छात्रों को अनुशासित एवं चरित्र संवारने में सहयोग करती है। रावर्स एंड रेंजर्स दल में डॉ0 दुनी चन्द राणा तथा प्रो0 ऋृचा आहलुवालिया के कुशल नेतृत्व में 08 रोवर्स एवं 24 रेंजर्स पंजीकृत है। इस सत्र में महाविद्यालय के रोवर्स एंड रेंजर्स की उपलब्धियों एवं गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है:–

– 9 से 15 अगस्त तक महाविद्यालय परिसर में 7 दिवसीय स्वच्छता अभियान में रोवर्स एंड रेंजर्स, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों ने नारा लेखन, निबंध लेखन व पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं मे ऑनलाईन भाग लिया।

– रोवर्स एंड रेंजर्स के विद्यार्थियों ने महिला प्रकोष्ठ, सड़क सुरक्षा क्लब के अन्तर्गत करवाए गए कार्यक्रमों में भी बढ़–चढ़कर भाग लिया।

– 21 दिसंबर 2021 को हमीरपुर में आयोजित अभ्यासी कोर्स में डॉ0 दुनी चन्द राणा तथा प्रो0 ऋचा आहलुवालिया ने भाग लिया तथा प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

महाविद्यालय में एक इकाई प्रो0 मोनिका के दिशा निर्देश में कार्य कर रही है। इस का उद्देश्य छात्र वर्ग में सामुदायिक सेवा की भावना उत्पन्न कर उन के बहु–आयामी व्यक्तित्व का विकास करना है। इस वर्ष 100 छात्र–छात्राएं इस इकाई में पंजीकृत हुए। सत्र 2021–22 के दौरान इन स्वयं सेवियों की गतिविधियां इस प्रकार से हैः–

– 9 अगस्त से 15 अगस्त 2021 तक सात दिवसीय स्वच्छता अभियान।

– अक्टूबर माह में बालागाड़ गांव में प्राकृतिक जल संसाधन संरक्षण, गांव की सफाई एवं सौंदर्यीकरण, गांव तक रास्ते एवं नालियों की सफाई एवं कटी हुई झाड़ियों को जलाकर साफ किया।

– 6 अक्टूबर को सैमिनार हॉल में बंजार के डी. एस.पी चारु शर्मा ने विद्यार्थियों को सहभगिता कार्यक्रम के अन्तर्गत नशा निवारण, घरेलू हिंसा एवम् अन्य समस्याओं के प्रति जागरुक किया और स्वयंसेवियों के साथ सीधा संवाद किया।

– 30 दिसम्बर 2021 को संविधान अभियान में विशेषज्ञों द्वारा स्वयं सेवियों को जानकारी दी गई तथा इस अवसर पर नारालेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

– 24 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बालिका के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अधिकारों के प्रति जागरुक किया तथा स्वयं सेवियों ने पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन में भाग लिया।

– 8 फरवरी से 14 फरवरी 2022 तक 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्राकृतिक जल संरक्षण, पौधारोपण, परिसर का सौन्दर्यीकरण, महाविद्यालय परिसर की सफाई के अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में पुरुष वर्ग में देवेन्द्र वर्मा तथा महिला वर्ग में कुमारी श्यामा को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी घोषित किया गया।

जीविकोपार्जन परामर्श एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ (Career Counseling and Placement Cell)

श्री सुरेश कुमार के कुशल नेतृत्व में सत्र 2021–22 के दौरान उत्कृष्ठ महाविद्यालय योजना के अन्तर्गत जीविकोपार्जन परामर्श प्रकोष्ठ के लिए मिलि राशी द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों का वर्णन इस प्रकार हैः–

– 8–9 अक्टूबर 2021 को प्लान फॉउन्डेशन के सहयोग से दो दिवसीय कार्यक्रम प्रो0 नीरज कपूर की उपस्थिति में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर के वक्ता श्री सचिन, श्री अखिलेश भारती, श्री जी.सी. रायटा और श्री मनोज शर्मा ने रोज़गार की संभावनाओं पर अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

25 दिसम्बर 2021 से 1 फरवरी 2022 तक महाविद्यालयों के 50 विद्यार्थियों ने पांवटा साहिब TPSDM में गृहव्यवस्था (house Keeping) खाद्य एवं पेय पदार्थ (Food and Beverage) आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन (hospitality and Tourism Management) से सम्बंधित एक माह का प्रशिक्षण लिया।

– 12 फरवरी 2022 को महाविद्यालय में रोज़गार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सुरैन्द्र शौरी विद्यायक बंजार विधान सभा क्षेत्र बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस रोज़गार मेले में ज्वैक्ड के निदेशक श्री अनिल शर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यटन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी। रोज़गार मेले के समापन पर मुख्य अतिथि श्री सुरैन्द्र शौरी ने पांवटा साहिब में प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

एन0सी0सी0

2020–21 में 39 कैडेट्स की ईकाई को स्वीकृति मिली। इस वर्ष 26 कैडेट्स का नामांकन हुआ है जिसमें 17 छात्र एवं 9 छात्राएं सम्मिलित है। एन.सी.सी. अधिकारी प्रो0 ज्योति बाला के कुशल नेतृत्व में सी.ए.टी.सी शिविर पंडोह में 8 छात्रों एवं 5 छात्राओं ने बी. सर्टिफिकेट का पेपर उतीर्ण किया तथा सभी कैडेट्स को बी. प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

खेल कूद

शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफैसर ज्योति बाला के कुशल दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के छात्रों एवं छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न अनतर्महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसका विवरण इस प्रकार हैः–

– 2 दिसम्बर 2021 को पुरुष वर्ग की टीम ने महाविद्यालय कोटशेरा शिमला में वाली बाल ट्रायल प्रतियोगिता में भाग लिया।

– पुरुष वर्ग की टीम ने महाविद्यालय की ओर से क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता में 10.12.2021 को महाविद्यालय बीटन (ऊना) में भाग लिया।

– संस्थान द्वारा 18 दिसम्बर 2021 को खेल मेला तथा 20 दिसम्बर 2021 को क्रीड़ा दिवस का आयोजन किया गया।

गृह परीक्षा

इस वर्ष महाविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ0 जोगिन्द्र सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में प्रत्येक विषय में परीक्षा ली गई तथा विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त अंक, उपस्थिति तथा कक्षा परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम

शिक्षा के साथ–साथ छात्रों की प्रतिभा प्रदर्शन के लिए मंच प्रदान करना महाविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य रहता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय में दिनांक 01 अप्रैल 2022 को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोक गीत, हिन्दी गीत, शास्त्रीय गीत, लोक नृत्य, एकल नृत्य, नाटी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इंदिरा गान्धी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

महाविद्यालय में सभी वर्ग के विद्यार्थियों के विकास के लिए इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय का केन्द्र सन् 2008 में अस्तित्व में आया। डॉ0 रेणुका थपलियाल समन्वयक और सह समन्वयक डॉ0 योगराज के कुशल नेतृत्व में इस अध्ययन केन्द्र में 430 छात्र पंजीकृत है। इस समय यहां कला, वाणिज्य, पर्यटन तथा लाईब्रेरी सांईस आदि क्षत्रों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक तथा स्नातकोतर पाठ्यक्रम है।

स्वच्छता अभियान

''स्वच्छ भारत अभियान'' के उदेश्य को साकार करने एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं कार्य स्थल की स्वच्छता के महत्व को साकार करने के लिए महाविद्यालय परिसर एवं भवन में नियमित रुप से एन.सी.सी., एन.एस.एस. रोवर्स एंड रेंजर्स एवम् अन्य विद्यार्थियों द्वारा प्राध्यापकों की देख रेख में क्रमावर्तन (Rotation) में सफाई की जाती है। ■

हिंदी अनुभाग

डॉ. अशोक शर्मा
प्राध्यापक सम्पादक

बीना कुमारी
छात्र-सम्पादक

सम्पादकीय

महाविद्यालय पत्रिका ''सिराज शिखा'' के हिन्दी अनुभाग में सम्पादकीय लिखना मेरे लिए हर्ष का विषय है। एक चिन्तन करने वाला मानव अपने सुविचारों की ऊर्जा से सम्पूर्ण मानव जाति को आन्दोलित करता है तथा मानव की नकारात्मक प्रवृत्तियों को सकारात्मक में बदलने की क्षमता रखता है। हर व्यक्ति की अलग-अलग सोच होती हैं। इस चिन्तन परम्परा में गुरु का सहयोग मिलना बहुत ही जरूरी हैं। क्योंकि गुरु शिष्य की चेतना का परिष्कार करके उसमें गुणात्मक विकास करता है। सकारात्मक विचार ही एक तरंग जीवन में सफलता और आनन्द प्रदान करती है। वहीं नकारात्मक विचार आत्मविश्वास में कमी घृणा, ईष्या, द्वैष की अग्नि भड़का सकती है। सकारात्मक सोच के साथ-साथ हमें स्वयं पर आत्म-विश्वास भी होना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ बड़े-से-बड़े कार्य भी सफल हो जाते हैं। एक छोटी-सी बात यह है कि यदि व्यक्ति का आत्मविश्वास सभी क्षेत्रों में बराबर विभाजित नहीं होता। तो लोग अपने कार्य में कैसे सफल होगें? यह बात भी सोचने की है मनुष्य अपने कार्य को पूरे विश्वास के साथ करता है ओर उन जैसे मनुष्यों को कई लोग चुनौती भी देते है, तो वे खुश हो कर उसे स्वीकार कर लेते हैं। कठिन से कठिन परिस्थिति में भी उन्हें घबराहट नहीं होती। ऐसे लोगों के नाम इतिहास में दर्ज नहीं होते। अगर व्यक्ति की अपने बारे में राय अत्यंत सकारात्मक होगी तो वह आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे, यदि व्यक्ति की सकारात्मक सोच नहीं होगी तो वह व्यक्ति आत्मविवास की कमी से जूझेगा। इसलिए किसी भी व्यक्ति के आत्मविश्वास के स्तर को समझना हो तो उसके 'सेल्फ कंसेप्ट' को समझनें की कोशिश करनी चाहिए।

कामयाबी उन्हीं लोगों के कदम चूमत है,
जो अपने फैसलों से दुनियां बदल कर रख देते हैं
और नाकामयाबी उन लोगों का मुकद्दर बन कर रह जाती है
जो लोग दुनियां के डर से अपने फैंसले बदल दिया करते हैं

बीना कुमारी
छात्रा-सम्पादक

एक नया सवेरा

एक नए सवेरे ने मुझे मेरे सपने से जगाया है। आज तोड़ दूंगी इन गहरे सपनों की जंजीरों को।
क्योंकि इस नए सवेरे के साथ
जिन्दगी में कुछ करने को ख्याल आया है।
फिर एक नया सवेरा आया है,
कौन रोक सकेगा मेरे
यह बढ़ते हुए कदम,
क्योंकि सूरज की उस पहली किरण ने मुझे जगाया है। आज फिर एक नया सवेरा आया है
एक नया सवेरा एक उम्मीद की किरण
लेकर आया है। न जाने क्यों इस
उम्मीद के साथ जिन्दगी में आगे बढ़ने
का ख्याल आया है। आज फिर एक नया सवेरा आया है।
इस उम्मीद की किरण के साथ जल जाऊंगी
लेकिन अपने कदम आगे ही आगे बढ़ाऊंगी।
ले आऊंगी रोशनी उस अंधेरे कोने में
जहां मैंने हताश खुद को पाया है।
क्योंकि आज फिर एक नया सवेरा आया है
न जाने क्यों आज मेरा दिल खुशी से
मुस्कुराया है। क्योंकि आज फिर एक
नया सवेरा आया है। उस पहली किरण
ने रास्ता मुझे दिखाया है
कुछ कने का ख्याल आज फिर मन में आया है।
खुशी-खुशी मैंने अपना कदम आगे बढ़ाया है।

बीना कुमारी, कला-स्नातक-तृतीय वर्ष

सत्य वचन

1 सत्य को कह देना मेरे मज़ाक का तरीका है।
संसार में यह सबसे से विचित्र मज़ाक है। - **बनार्ड शॉ**
2 सत्य का सर्वश्रेष्ठ अभिनंदन यह है कि हम इसे आचरण में लाए।
-एमर्सन
3 जब तक जीवित रहो सत्य बोलो और शैतान को लज्जित करो।
- शेक्सपीयर
4 सत्य को पाना कठिन है **-हज़ारी प्रसाद द्विवेदी**
5 समय मूल्यवान है पर सत्य समय की अपेक्षा अधिक मूल्यवान है।
- डिजरायली
6 पूर्ण सत्य की प्राप्ति के लिए आप को संसारिक इच्छाओं से छुटकारा पाना होगा। **- स्वामी रामतीर्य**

प्रस्तुति- होमदत्त
स्नातक तृतीय वर्ष

जिस -दिन सोया राष्ट्र जगेगा

जिस दिन सोया राष्ट्र जगेगा,
दिस-दिस फैला तमस हटेगा,भारत विश्व बंधु का गायक
भारत मानवता का नायक,
सदियों से था युगों रहेगा
जहां-जहां फैला तमस हटेगा।
जिस दिन सोया राष्ट्र जगेगा,
जहां-जहां फैला तमस हटेगा।
वैभवशाली जब हम होगें
नहीं किसी से हम कम होंगे
क्यों ना फिर गंतव्य मिलेगा।
जहां-जहां फैला तम हटेगा।
जिस दिन सोया राष्ट्र जगेगा,
जहां-जहां फैला अंधकार हटेगा।
हम सबकी तो राह एक है
कोटि हृदय और भाव एक है,
बात हमारी विश्व, सुनेगा,
जहां-जहां फैला अंधकार हटेगा।
जिस दिन सोया राष्ट्र जगेगा।
जहां-जहां फैला अंधकार हटेगा।

बीना कुमारी
बी.ए तृतीय वर्ष।

महाविद्यालय बंजार

राजकीय महाविद्यालय बंजार की है बात निराली,
बच्चों के चेहरों पर रहे सदा खुशहारली।।
टीकम राम सर इतिहास पढ़ाते
प्रगति की राह पर चलना सिखातें
विकास सर है संगीत सिखाते,
संगीत के विषय में हमें बताते।
अशोक सर है हिन्दी पढ़ाते,
बच्चों को सुदृढ़ व कौशल बनाते।
ऋचा मैम है इंग्लिश पढ़ाती,
स्वास्थ्य के बारे में बताती।
ढेर सारा ज्ञान हमें मिलता है अध्यापकों से,
सांईस, आर्ट, कॉमर्स के सभी हैं एक समान।
सबका करते हैं हम बड़ा आदर व सम्मान,
सभी अध्यापक हैं धन्यवाद के हकदार,
सबको करते है प्रमाण बार-बार।

- मेघा शर्मा
बी० ए० प्रथम वर्ष

दुनिया भर की भाषाओं में 'नव वर्ष की बधाईयां'

भारत भाषाओं में नव वर्ष की बधाईयां!

1. हिन्दी में – 'नव वर्ष मंगलमय हो', 'नूतन वर्ष शुभ हो'
2. संस्कृत में – 'शुभं नववषर्म्', 'नववर्ष मंगलमय अस्तु', 'नूतन वर्षम् सुखंदम भव:'
3. पंजाबी में – 'नवें साले दियां लख-लख बधाईयां', 'नवें साल दिया मुबारकां,
4. बंगाली में – 'शुबो नाबोवोर्शो'
5. सिंधी में – 'नायूञो साल मुबारक हौजे'
6. उड़िसा में – 'नववर्ष शुभेच्छा'
7. गुजराती में – 'नूतन वर्ष अभिनन्दन'
8. तमिल में – 'पुथादूं वलत्रूक्कल'
9. तेलगु में – 'नूतन सम्वत्सर शुभकाशालू'
10. उर्दू में – 'नया साल मुबारक'
11. कन्नड़ में – 'होसा वर्षदा शुभ साया'
12. मराठी में – 'नवीन वर्पच्या शुभेच्छा'
13. राजस्थानी में – 'नवें साल री बधाईयां'

– ट्वींकल ठाकुर, बी कॉम, द्वितीय वर्ष

सोइ सेवक जो सदगुरू सेवे

एक बार कुछ रागियों (भाटों) ने सिक्ख गुरू साहिब अर्जुनदेव से प्रार्थना की कि उन्हें कुछ रूपयों की आवश्यकता है अत: यदि उन्हें प्रति सिक्ख के हिसाब से चन्दा मिलें तो मेहरबानी होगी गुरूदेव ने आश्वासन दिया कि वे कुछ दिनों बाद देंगें। यह सुन वे लोग खुश हो गए कि ज्यादा संख्या में उनके पास जाने पर खासी रकम जमा हो जाएगी। कुछ दिनों वे अर्जुनदेव के पास गये और उन्होंने चन्दा देने की याद दिलायी गुरूदेव ने उन्हें पुन: बाद में आने को कहा कुछ दिनों के बाद जाने पर गुरूदेव ने उनके हाथ में साढे चार टके पर दिए यह देख भाट 'बोले क्या इतना ही चन्दा' 'हां' अर्जूनदेव ने उत्तर दिया बात यह है कि तुमने सिक्खों-जितना चन्दा देने की प्रार्थना की थी और मैंने उतने ही टके दिये है जितनी सिक्खों की संख्या है। यह सुन भाट असमंजस में पड़ गये तब गुरू साहिब ने कहा, ''पहले सिक्ख गुरू नानक साहिब है दूसरे अंगदेव तीसरे अमरदास जी और चौथे रामदास जी। लोग मुझे भी सिक्ख समझते हैं। लेकिन मैं पूरा सिक्ख नहीं आधा हूं। इस कारण तुम्हें सिक्खों – जितने अर्थात् साढे चार टके दिये हैं।'' उन्होंने आगे कहा, '' तुम समझते हो कि सिक्ख असंख्य है यह तुम्हारी भूल है। वास्तव में सिक्ख होना उतना आसान नहीं वह तो तलवार की धार की तरह है। मनुष्य तो जीते जी मरता है लेकिन सिक्ख नहीं। वही मनुष्य सिक्ख है जो सद्मुरू का शिष्य बनकर उसके उपदेशों को ग्रहण करता है और तदनुसार अपना आचारण रखता है सच्चा शिष्य वही है जो अपने सद्गुरू की नि:स्वार्थ भाव से पूर्ण निष्ठा के साथ सेवा करें और परमात्मा से नहीं मिल पाता, तो वह सद्गुरू का सच्चा शिष्य नहीं और न ही सिक्ख कहलाने के योग्य है।''

रश्मी कुमारी, बी०ए. प्रथम वर्ष

जलोरी दर्रा का इतिहास

यह उत्तरी हिमालय की चोटियों में स्थित जलोरी पर्वत दर्रा कुल्लू और शिमला के प्रमुख शहरों के बीच स्थित एक अनोखा सौंदर्य हैं। समुद्र तल से इसकी ऊँचाई 10,800 फीट है। इस दर्रे से होकर जाने वाला मार्ग पर्यटकों के आकर्षण के रुप में अपेक्षाकृत अछूता है। जलोड़ी पास से गुजरने वाले सड़क एक ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व रखती हैं। इसका निर्माण अंग्रेजों ने कुल्लू घाट तक पहुंचने के लिए किया था। यह 1920 के दशक के अंत में तैनात एक ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ की बेटी पेनेलोप चेतवोडे के उल्लेख का अध्ययन करता है। इसके अलावा यह माना जाता हैं कि पांडव अपने निवसिन के दौरान इस जगह का दौरा किया था। आस-पास के क्षेत्र में कई छोटी वस्तियां और गांव है। जिनमें से प्रत्येक की अपनी अलग-अलग संस्कृति पाई जाती है।

जलोरी दर्रा के माध्यम से एक अभियान को प्राकृतिक प्रसन्नता, पूजा स्थालों और अन्य शांत पर्यटन स्थलों के साथ लाया जा सकता है। धौलाधार पर्वत श्रृंखला स्पष्ट गर्मियों के दिनों में दिखाई देती है।

दर्रे को सुरमय परिदृश्य के अलावा ट्रैक आपको महाकाली मंदिर के पिछले हिस्से में ले जाता है। जिसे जलोरी माता का मंदिर कहा जाता है। यह आस-पास के गांवों में लोगों के लिए एक लोकप्रिय पूजा स्थल हैं। जलोरी दर्रा के पहाड़ों में वॉलीबुड के एक फिल्म 'ये जवानी है दिवानी' की शूटिंग की गई थी। जहां अभिनेता रणवीर कपूर और अभिनेत्री दीपिका पादुोण को पर्वतारोहन के माध्यम से ट्रैकिंग करते देखा जाता है। जलोरी दर्रा से 5 किलोमीटर दूर तक 'बूढ़ी नागिन' माता का मंदिर भी है। यह एक महत्वपूर्ण स्थान है। कहावत है कि मंदिर के साथ एक झील है। उस झील में सांपों की माता, 'बूढ़ी नागिन' रहती है। उसके आसपास के क्षेत्र में दो पक्षियों को साथी के रूप में कहा जात है। जो संयुक्त रूप से झील की रक्षा करते है।

– देवेन्द्र वर्मा, बी०ए० तृतीय वर्ष

प्रेम

1 प्रेम संसार को रूद्ध का देता है और वाणी को असमर्थ – **शेक्सपीयर**

2 प्रेम के यज्ञ में स्वार्थ और कामना का हवन करना होगा

– जयशंकर प्रसाद

3 मनुष्य प्रेम तो जल्दबाज़ी में करता है पर घृणा फुर्सत में – **बायरन**

4 जगत में जो कुछ उन्नति हुई है, वह प्रेम की शक्ति से हुई है। दोष बताकर कभी अच्छा काम नहीं किया जा सकता – **विवेकानंद**

5. प्रेम ही मानव जीवन का सार है – **सुमित्रानंदन पंत**

– गौरव ठाकुर
स्नातक तृतीय वर्ष

जमलू देवता जी

पुराने समय की बात है कि जमदग्नि जी के तीन भाई थे। जब बड़े हुए तो उनके पिता जी ने उन्हें उनकी शक्तियां तीन भाईयों में बराबर बांटने की बात कही तो ये सोचकर जमदग्नि जी महाराज ने सोचा कि मेरे पास कम शक्ति होगी। जिससे मैं कम शक्तिशाली बनूंगा और मन नहीं मन सोच लिया की कहीं दूसरी जगह जाना होगा। जमदग्नि जी वहां से भाग निकले और सात पहाड़ों से पीछे मलाणा नामक स्थान पर आकर बसे। वहां उन्हें एक बूढा आदमी मिला। वह आदमी वहां धूप लाने के लिए आया था। जब वह धूप लेकर जा रहा था तो घर जाते समय 5 फुट बर्फ आ गई। बूढा आदमी हैरान हो गया और सोचने लग। में घर कैसे जाऊँगा उतने में एक बाबा दिखाई दिए जो जमदग्नि जी के रूप में आया था। उसने उस बाबा से कहा आप इस घनघोर पहाड़ के ऊपर क्या कर रहे?

जमदग्नि जी बाबा के रूप में बोले मुझे भूख लगी है। मुझे कुछ खाने को दो। बूढ़ा आदमी ने कहा मेरे पास खाने के लिए कुछ नहीं है परंतु गेंहूं हैं, हम इसे पीसकर आपको खिला सकते है। बूढ़े आदमी ने दो पत्थरों पर गेंहू पिसा और रोटी बनाई जैसे ही रोटी आग से बाहर निकाल रहे तो उसका आकार बहुत बड़ा हो गया वह हैरान हुए। उतने में जमदग्नि रूप में आए और कहने लगे मैं देवता हूं। और कहने लगे हम दोनों यही रहेंगे। किन्तु मेरी बोली अलग किस्म की है। उसे आपको सीखना होगा बाकी कमी मैं पूरी कर दूंगा। बूढ़ा आदमी वहां रहने को सहमत हो गए और दोनों वहां निवास करने लगे। अत: इस स्थान का नाम 'मलाण' इसलिए पड़ा क्योंकि यहां पर दो आदमी का मिलन हुआ है। यहां की संस्कृति भिन्न है। वहां का संविधान हमारे संविधान से अलग है वहां पर छोटे से लेकर बड़े कार्य की समस्या को देवता जमलू जी महाराज ही समाधान कर देते है।

